NBT
नवभारत टाइम्स
नई दिल्ली > शनिवार, 31 जुलाई 2021 > श्रावण 9 शक संवत 1943 श्रावण कृष्ण अष्टमी विक्रम संवत 2078
www.navbharatgold.com

कोरोना काल में अच्छे रिजल्ट ने आखिरकार दूर की टेंशन

■ विस, नई दिल्ली : सीबीएसई का पास पर्सेंटेज इस बार बढ़ा, तो 100% पास पर्संटेज वाले स्कूलों की संख्या भी बढी है।

डीपीएस मथुरा रोड में साइंस स्ट्रीम से अदिति नायर 99%, कॉमर्स स्ट्रीम में सची जागवान और इशा जैन 99.2% और ह्यूमैनिटीज स्ट्रीम की हीमिका की 99.2% स्कोर के साथ टॉपर रही हैं। साउथ दिल्ली के इंडियन स्कूल में साइंस स्ट्रीम से करण गुप्ता 98.75%, कॉमर्स स्ट्रीम में कीर्ति कौर 97.75% और ह्यूमैनिटीज स्ट्रीम की अक्षिता पंवार 98.75% टॉपर हैं।

वहीं, पीतमपुरा के केआईआईटी वर्ल्ड स्कूल की प्रिंसिपल डॉ. संगीता भाटिया ने बताया, हमारे 46 स्टूडेंट्स ने 95 % और उससे ज्यादा स्कोर पाया है। कॉमर्स स्ट्रीम से अंशुल बंसल ने 497/500, प्रगति राणा ने ह्यूमैनिटीज स्ट्रीम से 496/500 स्कोर हासिल किए। स्कूल का ऐवरेज स्कोर 88% है। ऐमिटी इंटरनैशनल स्कूल, मयूर विहार में 99.2% के साथ विधि टॉपर रही हैं। अनिकेश पराशर ने भी तीन सब्जेक्ट – मैथ्स, फिजिक्स, केमिस्ट्री में 100-100 मार्क्स पाकर 99% स्कोर पाया है। ऐमिटी इंटरनैशलन स्कूल, साकेत की प्रिंसिपल दिव्या भाटिया ने बताया, स्कूल टॉपर ह्यूमैनिटीज स्ट्रीम से सुकृति रहीं, जिनका बेस्ट फोर 99.5% रहा। कॉमर्स से असमी ने 99.25% और साइंस से केशव ने 99% (बेस्ट 4) स्कोर हासिल किया। इस कठिन दौर के आखिर में स्टूडेंट्स और पैरेंट्स को राहत मिली है।

रोहिणी के माउंट आबू पब्लिक स्कूल की नियति गोयल 97.2% के साथ ह्यूमैनिटीज स्ट्रीम की टॉपर बनी हैं। वहीं, रोहन राज साइंस और ओजस्वी जैन कॉमर्स स्ट्रीम के टॉपर बने हैं। दोनों का स्कोर 96.6% है। स्कूल की प्रिंसिपल ज्योति अरोड़ा ने बताया, स्कूल का रिजल्ट 100% रहा है। वहीं, स्कूल का ऐवरेज स्कोर 87.69 है।

एसएसएन सीनियर सेकंडरी स्कूल में 98.8% के साथ पाखी साइंस की टॉपर बनी हैं। अक्षत जैन कॉमर्स से और ह्यूमैनिटीज से उर्वशी टॉपर (दोनों का स्कोर 98.6%) हैं। स्कूल ने बताया कि 90% से ज्यादा मार्क्स 112 स्टूडेंट्स ने हासिल किए।

लिटिल फ्लावर पब्लिक सीनियर सेकंडरी स्कूल की तृप्ति गर्ग 99.2% के साथ स्कूल की टॉपर बनीं। वहीं, अंशिका जैन ने 99% और तीन स्टूडेंट्स ने ओजस्वी सिंघल, महक और प्रतीक ने 98.6% स्कोर हासिल किया। स्कूल की प्रिंसिपल नीता दुआ ने स्टूडेंट्स और टीचर्स को बधाई दी।

डीएवी पब्लिक स्कूल, श्रेष्ठ विहार में साइंस स्ट्रीम से यश सिंघला 98.8%, कॉमर्स स्ट्रीम में इशिका गुप्ता 98.6% और ह्यूमैनिटीज स्ट्रीम से वृद्धि शर्मा 98.2% स्कोर के साथ टॉपर रहीं।

रोहिणी के वीएसपीके इंटरनैशनल स्कूल का रिजल्ट भी 100 फीसदी रहा है। स्कूल टॉपर वैभव गुप्ता ने 98.8 फीसदी स्कोर किया है। साइंस टॉपर मुकुंद मित्तल को 97 प्रतिशत, ह्यूमैनिटीज टॉपर कशिश गोयल को 98 पर्सेंट मार्क्स मिले हैं। स्कूल चेयरमैन एस.के. गुप्ता ने बताया कि बेहद कठिन परिस्थितियों में पढ़ाई करने वाले स्टूडेंट्स ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है और 90 व 95 प्रतिशत से ज्यादा नंबर लाने वाले बढ़े है।

पीतमपुरा स्थित एम.एम.पब्लिक स्कूल का रिजल्ट भी शत प्रतिशत है और 90 फीसदी से ज्यादा स्कोर करने वाले पिछले साल से ज्यादा है। साइंस स्ट्रीम में सनमय सूद ने 97.4 पर्सेंट, आर्ट्स में नेहा कुमारी ने 96.6 और कॉमर्स में अभिनय भट्ट ने 96.4 फीसदी मार्क्स हासिल किए हैं। स्कूल की प्रिंसिपल रूमा पाठक के मुताबिक 125 स्टूडेंट्स ने अलग- अलग सब्जेक्ट्स में 95 फीसदी से ज्यादा स्कोर किया है। 42 स्टूडेंट्स ने 90 फीसदी से ज्यादा नंबर पाए हैं और 581 डिस्टिंक्शन मिली हैं।

कमल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल विकासपुरी में साइंस स्ट्रीम की दीक्षा तिवारी ने 96.5 फीसदी मार्क्स हासिल किए हैं। अनिकेत सूरी को 96 पर्सेंट, याशिका को 96, प्रीति जिंदल को भी 96, मनीष डोलवानी, हर्ष गोयल, जोया अली को भी 96 पर्सेंट स्कोर मिला है। स्कूल के चेयरमैन डॉ. आर. के. टंडन और प्रिंसिपल रीमा टंडन ने बच्चों व शिक्षकों को बधाई दी है।

भारत नैशनल पब्लिक स्कूल राम विहार में सभी स्टूडेंट्स पास हुए हैं। स्कूल के प्रिंसिपल कंवलजीत खुंगर ने कहा कि चुनौतीपूर्ण समय में छात्रों व शिक्षकों ने काफी मेहनत की है।

न्यू कृष्णा पब्लिक स्कूल नजफगढ़ में भी 100 फीसदी रिजल्ट रहा है। स्कूल के मैनेजर पंकिल यादव ने कहा कि शिक्षकों, बच्चों, अभिभावकों की मेहनत सफल हुई है। हीरा स्कूल समालखा का रिजल्ट भी शानदार रहा है। स्कूल के चेयरमैन पवन वत्स ने अच्छा रिजल्ट आने पर सभी बच्चों को बधाई दी है।